आकाशवाणी चंडीगढ़

21 दिसंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला पंच तत्व में विलीन हुए। उनका अंतिम संस्कार सिरसा के गांव तेजा खेड़ा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,केंद्रीय मंत्री मनोहर और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा सहित कई बड़े नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी।
- आज दुनिया भर में पहली बार विश्व ध्यान दिवस मनाया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कल कई जिलों में कोहरा पड़ने की संभावना जताई।

*****************************************************

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला आज पाँच तत्व में विलीन हुए। उन का अंतिम संस्कार बाद दोपहर सिरसा के गांव तेजा खेड़ा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया ।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ. सुदेश धनखड़, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राज्यसभा

सदस्य सुभाष बराला, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कई बड़े नेताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी ।
सांसद कुमारी सेलजा और रणदीप सुरजेवाला ने भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि रात्रि करीब दस बजे उनका पार्थिव शरीर सिरसा के गांव तेजा खेड़ा स्थित फार्म हाउस पर लाया गया। आज सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। उनके परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अन्य लोगों ने उन्हें तेजाखेड़ा पहुंच कर श्रद्धांजलि दी ।

*****************************************************

आज दुनिया भर में पहली बार विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस वर्ष 6 दिसंबर को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति और समाज के जीवन में शांति और समरसता लाने का एक सशक्त माध्यम है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में, ऐप और वीडियो ध्यान को अपनाने में सहायक हो सकते हैं।

*****************************************************

ध्यान दिवस पर भारतीय दूतावासों ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने संयुक्त राष्ट्र न्यासिता परिषद में वैश्विक शांति और सौहार्द के लिए

ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही ध्यान की परंपरा रही है और यह आंतरिक शांति का माध्यम है।

*****************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में भी विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। फरीदाबाद में आज डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए और 45 मिनट तक अनुलोम-विलोम, ध्यान, और प्रार्थना में भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना भाटिया ने छात्रों से ध्यान पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे अपने दैनिक जीवन में ध्यान से संतुलन और सकारात्मकता प्राप्त कर सकते हैं।विश्वास फाउंडेशन द्वारा चंडीगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौली जागरां और राजकीय वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रशासन महाविद्यालय में भी ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

*****************************************************

हरियाणा में 100 दिवसीय विशेष टी बी मुक्त भारत अभियान के दौरान हर टी बी मरीज तक पहुँच सुनिच्छित की जा रही है। जांच में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के चलते दिसंबर माह में अभी तक लगभग 3000 टी बी के मरीज मिले है। इस वर्ष प्रदेश में 18 दिसंबर तक 83000 से अधिक लोग टी बी से पीड़ित पाए गए हैं जिनका इलाज किया जा रहा है।

टी बी के नोडल अधिकारी डॉ हितेश कुमार ने बताया कि सरकार टी बी मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से मदद कर रही है। पहले निक्षय

मित्रों द्वारा टी बी मरीज को राशन और खुराक दी जाती थी लेकिन नई नीति के तहत मरीज के परिवार के सभी सदस्यों को पौष्टिक तत्वों से युक्त राशन दिया जा रहा है।

हरियाणा के 14 जिलों पर केंद्रित इस विशेष अभियान है के दौरान मार्च तक प्रदेश के 1800 गांवों को टी बी मुक्त करने का लक्ष्य है।

*******************************************************

हरियाणा और चंडीगढ़ में मौसम शुष्क बना हुआ है। दक्षिणी हरियाणा में तापमान में कभी गिरावट और कभी वृद्धि दर्ज की जा रही है। कल न्यूनतम तापमान में की जगह एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज हुई तो आज फिर से पारा नीचे चला गया।
पहाड़ों में हो रही बर्फबारी व बारिश न होने से आज भी हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में धुंध नहीं पड़ी हालांकि सभी जिलों में तापमान में गिरावट देखने को मिली।

मौसम विभाग ने कहा है कि कल रोहतक, जींद, भिवानी और चरखी दादरी को छोड़ कर प्रदेश के सभी जिलों में घना कोहरा छाया सकता है।

भिवानी से कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ देवीलाल ने बताया की भिवानी में आज न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है।

उन्होंने शुष्क मौसम के चलते किसानों को अपनी फसलों का ख्याल रखने की सलाह दी है।

****************************************************

हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने राज्यभर में भू-जल की कमी वाले प्रत्येक खंड में कम से कम पांच जलाशयों के विकास की घोषणा की है। इसका उद्देश्य बारिश के पानी का प्रभावी संरक्षण और पानी की कमी की बढ़ती संभावना के दृष्टिगत पानी की उपलब्धता की चुनौतियों का समाधान करना है। आज अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा की जलाशयों के विकास हेतु प्रशासनिक सचिवों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी। इसका प्राथमिक उद्देश्य इन जलाशयों के निर्माण के लिए प्रत्येक खंड में कम से कम एक हेक्टेयर पंचायत भूमि की पहचान करने हेतु तालमेल स्थापित करना है।आज की बैठक में सिंचाई मंत्री ने मानसून के मौसम में मारकंडा, टांगरी, घग्गर और यमुना जैसी प्रमुख नदियों से अतिरिक्त जल का दोहन और संरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से व्यावहारिक योजना की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास और कृषि आवश्यकताओं के लिए इस जल का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सिंचाई मंत्री ने राज्य के नियमित बजट के साथ-साथ नाबार्ड, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक से सहायता सहित वित्तपोषण के अन्य विकल्पों की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया।